प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

राष्ट्रपति–राज्यपाल सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में 2 अगस्त से शुरू होने वाले राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का पहला सम्मेलन होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन के एजेंडे में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता और फोकस क्षेत्रों का विकास शामिल है। प्रचार अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्नं केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की सम्भावना है।

.....

सुक्खू

प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए सभी स्कूलों में राष्ट्रगान के साथ प्रातःकालीन प्रार्थना सभा आयोजित का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, सभी उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिदिन अनिवार्य रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराने का भी निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थी भविष्य में राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने विद्यार्थियों का शारीरिक विकास सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक शिक्षा और योग को पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय बनाने का निर्णय लिया है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू आज शिमला के होटल होलीडे होम में शिमला नवोन्मेषी शहरी परिवहन रोपवे परियोजना पर एक संगोष्ठी में भाग लेंगे उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

......

मिजंर मेला

चम्बा जिला के अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में चम्बा सदर के विधायक नीरज नैयर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर मशहूर पंजाबी गायक शिवजोत ने अपने गीतों से दर्शकों का मनोरंजन किया।

इससे पहले स्थानीय कलाकारों ने चंबा के पारम्परिक लोक गीत कुंजड़ी मल्हार की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर हिमाचली कलाकार पंकज शर्मा और के एस प्रेमी सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब समा बांधा।

.....

केवल सिंह पठानिया

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में हर घर को स्वच्छ जल देने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। कल नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड 7 में तीन बोरवेल, तीन वाटर कूलर ओर उचित मूल्य की दुकान के उदघाटन अवसर पर उन्होंने ये बात कही। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना उनकी प्राथमिता में शामिल है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से मेटी ,घरोह,बंडी कल्याड़ा, नागनपट्ट के किसानों के लिए कूहल का निर्माण किया जाएगा ताकि लोगों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल सके।

.....

पेरिस ओलंपिक

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने कल 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम स्पर्धा के फाइनल में दक्षिण कोरिया की ओह ये जिन और ली वोन्हो की जोड़ी को 16–10 से हराकर कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ मनु भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं।

.....

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। कल प्रदेश में कई स्थानों पर मॉनसून की वर्षा का समाचार है। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी 24 घंटों में अगस्त तक भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कुल्लू, सोलन, सिरमौर, शिमला और किन्नौर में भूस्खलन व बाढ़ की चेतावनी भी जारी की है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने कुल्लू जिले के मणिकर्ण में बादल फटने से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– मणिकर्ण में फटा बादल पुल, 3 दुकाने बही, ऊना में जलभराव, धर्मशाला में बच्ची डूबी।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–मणिकर्ण के तोष गांव में बादल फटने से तबाही–हर तरफ भयावह मंजर, बाढ़ से पुल दुकाने ध्वस्त, शेष क्षेत्र से कटा। पंजाब केसरी के शब्द हैं– मणिकर्ण घाटी के तोष में बादल फटा, धर्मशाला में बच्ची खड्ड में बही।

हाईकोर्ट के आदेशों की अनुपालना में अडंगा डालने की कोशिश करने पर प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को फटकार शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–हाईकोर्ट ने भुगतान 4 महीने के भीतर देने का भी दिया आदेश।

अमर उजाला की एक सुर्खी है– राष्ट्रपति के पास पहुंचा कृषि विश्वविद्यालय में वी.सी. की नियुक्ति का विधेयक– राज्य सरकार से टकराव बढ़ने पर हिमाचल राजभवन में पहली बार राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा कोई मामला।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है– पटवारी–कानूनगो के खिलाफ सरकार ने शुरू कर कार्रवाई–कंडक्ट रूल्स के तहत निलंबन से पहले कारण बताओ नोटिस।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– डी.एफ.ओ. को सूखे व गिरे पेड़ हटाने का अधिकार। आपका फैसला का शीर्षक है–अब वन अधिकारियों को भी मिलेंगी पेड़ काटने की शक्तियां। दैनिक जागरण लिखता है–गिरे पेड़ बढ़ाएंगे हिमाचल का राजस्व।